# स्नेहलता गंज दूसरा भागीरथपुरा बनने के कगार पर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर का स्नेहलतागंज इलाका दूसरा भागीरथपुरा बनने की कगार पर खड़ा है. उक्त इलाके के रहवासी कई दिनों से गंदे पानी की समस्या से परेशान है. गंदे पानी के कारण कई घरों के रहवासी बीमार पड़ गए है. मामले की शिकायत करने पर भी नगर निगम द्वारा समस्या का हल नहीं किया जा रहा है.

नगर निगम वार्ड 56 के स्नेहलता गंज गली नंबर 3 की 6 से 7 मल्टीयों के रहवासी इन दिनों बोरिंग और नल में गंदे और बदबूदार पानी आने से बहुत परेशान हैं. गंदा पानी पीने के कारण क्षेत्र के कई घरों रहवासी बीमार है और उनका इलाज चल रहा है. स्नेहलता गंज गली 3 में स्थित प्रेम पैराडाइज के रहवासियों ने बताया कि उनकी बिल्डिंग के पास से ड्रेनेज लाइन गुजर रही है जो सेंट्रल जेल तक जाती है. उक्त ड्रेनेज लाइन लंबे समय से चौक है. इसके कारण उनकी बिल्डिंग में स्थित बोरिंग और नर्मदा लाइन में पिछले दो माह से गंदा बदबूदार पानी आ रहा है. गंदा पानी के पीने के कारण क्षेत्र में 10-15 लोग बीमार हो चुके हैं. जिनका इलाज अभी घर पर ही चल रहा है. सभी को उल्टी दस्त की शिकायत शिकायत है और डॉक्टर से स्लाइन चढ़ावा कर आ रहे है. रहवासियों ने बताया कि कई बार नगर निगम को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन निगम का एक ही जवाब रहता है कि यहां नई डालने पर ही समस्या हल होगी.

**टैंकर से पानी की व्यवस्था की जा रही-** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मेरी जानकारी आ गया है. मैंने सभी रहवासियों को पानी उपयोग का मना कर दिया है. टैंकर से पानी की व्यवस्था की जा रही है. जेल के नीचे वाली ड्रेनेज लाइन को देखकर रिपोर्ट देने का कहा है.

## इनका कहना है...







- इस बारे में रहवासी नीलेंदु दवे ने कहा कि स्नेहलतावगंज दूसरा भागीरथपुरा बनने की स्थिति में है. गंदे पानी की समस्या से पीड़ित है. पार्षद आकर देखते तक नहीं है. वहीं निगम अधिकारियों को शिकायत करने पर पानी का सैंपल लेकर जाते है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं होता हैं.
- रहवासी राजू पोरवाल ने कहा कि मेरे घर के चारों सदस्य उल्टी दस्त से ग्रसित है. मैं दो दिन से बीमार हूं और गंदे पानी पीने के कारण ही सब बीमार हो रहे हैं. अभी भी कमजोरी बनी हुई है. बाहर से आरो का पानी खरीद कर पी रहे हैं.
- रहवासी विक्रम मेहता ने बताया कि नर्मदा और बोरिंग दोनों में गंदा पानी आ रहा है. यही स्थित रही तो स्नेहलता गंज दूसरा भागीरथपुरा बन जाएगा. हालत बहुत खराब है. जेल के चैंबर चौक होने के कारण गंदा पानी जमीन में रिस कर बोरिंग में उतर रहा है. यही स्थित नर्मदा लाइन की है. शिकायत करते है तो निगम अधिकारी कहते हैं जब तक जेल वाली नई लाइन नहीं डलेंगी, तब तक स्थाई समाधान नहीं होगा.

# चरस तस्कर की तलाश में कानपुर गई एसटीएफ खाली हाथ लौटी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पांच लाख रुपए की चरस तस्करी के मामले में मुख्य सप्लायर की तलाश में कानपुर गई एसटीएफ की टीम खाली हाथ लौट आई. टीम जिस आरोपी की तलाश में पहुंची थी, वह घर से फरार मिला. पुलिस अब स्थानीय पुलिस की मदद से उसकी तलाश कर रही है.**

एसटीएफ ने तीन दिन पहले कानपुर निवासी रामलखन नाईक को करीब 500 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था. आरोपी इत्र व्यापार की आड़ में बस से इंदौर आया था और राजबाड़ा क्षेत्र की एक लॉज में इंदौर के एजेंट मयूर चौहान को चरस की डिलीवरी देने पहुंचा था. इसी दौरान एसटीएफ ने दोनों को पकड़ लिया था. पूछताछ में रामलखन ने बताया था कि वह यह चरस कानपुर के एक तस्कर से लेकर आया था. इसके बाद एसटीएफ की टीम उसे लेकर कानपुर पहुंची थी, लेकिन मुख्य आरोपी अपने घर पर नहीं मिला. जांच में पुलिस को आरोपी का पुराना रिकॉर्ड भी मिला है.

बताया जा रहा है कि वह पहले भी ड्रग्स तस्करी के मामले में पकड़ा जा चुका है. अब एसटीएफ आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कानपुर पुलिस के संपर्क में है. फरार आरोपी पर इनाम घोषित करने की तैयारी भी की जा रही है. वहीं पुलिस यह भी पता लगा रही है कि उसके ड्रग्स नेटवर्क में और कौन कौन लोग जुड़े हैं.

# जहर खाने से युवक की और खाई में गिरने से महिला की मौत

- पीडब्ल्यूडी की महिला इंजीनियर ने किया आत्महत्या का प्रयास
- पति-पत्नी के बीच चल रहा है पारिवारिक विवाद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर और आसपास के क्षेत्रों में अलग-अलग घटनाओं में एक युवक और एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक महिला इंजीनियर ने आत्महत्या का प्रयास किया. सांवेर में इंदौर निवासी युवक ने होटल में जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी, वहीं खुड़ैल क्षेत्र में खाई में गिरने से महिला की मौत हो गई. इधर, पलासिया क्षेत्र में महिला इंजीनियर फंदे पर लटकी मिली, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है.**

सांवेर पुलिस के मुताबिक इंद्रानगर निवासी 27 वर्षीय राज पिता संतोष भावसार ग्राम लक्ष्मणखेड़ी स्थित होटल राज पैलेस के कमरा नंबर 104 में रुका था. वह होटल में अकेला ठहरा हुआ था. अज्ञात जहरीला पदार्थ खाने से उसकी मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है. वहीं, खुड़ैल थाना क्षेत्र में ग्राम पेड़मी स्थित हनुमान मंदिर के पास खाई में गिरने से 58 वर्षीय महिला की मौत हो गई. सत्यम विहार कॉलोनी निवासी दत्ता राव खाई में गिरकर घायल हो गई थीं. उन्हें बाहर निकालकर इलाज के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस यह पता लगा रही है कि महिला किन परिस्थितियों में खाई में गिरी.

इधर, पलासिया थाना क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी में पदस्थ महिला इंजीनियर आरती यादव ने फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया. पति निलेश यादव ने उन्हें फंदे पर लटका देखा और आसपास के लोगों की मदद से नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया. आरती की हालत गंभीर बनी हुई है और वह वेंटिलेटर पर हैं. पलासिया पुलिस के अनुसार आरती साकेत रोड की रहने वाली हैं. बताया जा रहा है कि पति पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से पारिवारिक तनाव चल रहा था. दोनों पीडब्ल्यूडी में पदस्थ हैं और उनकी शादी करीब 10 साल पहले हुई थी, पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# बायपास पर 55 लाख की शराब से भरा ट्रक पकड़ा, 5 गिरफ्तार

- कनाड़िया पुलिस ने किया अवैध शराब परिवहन नेटवर्क का खुलासा
- 55 लाख रुपए का एक ट्रक और एक कार सहित 1.10 करोड़ का माल जब्त

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर उज्जैन बायपास से गुजर रहे शराब से भरे ट्रक को कनाड़िया पुलिस ने पकड़कर अवैध शराब परिवहन के नेटवर्क का खुलासा किया है. पुलिस ने कार्रवाई में 927 पेटी अवैध शराब, ट्रक और कार के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त माल की कीमत करीब 1.10 करोड़ रुपए बताई जा रही है.**



गुरुवार 23 जुलाई को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में बड़ी मात्रा में अवैध शराब लेकर कुछ लोग बायपास रोड से निकलने वाले हैं. सूचना पर पुलिस ने एचआर रिसोर्ट बायपास के पास घेराबंदी कर ट्रक नम्बर यूपी 63 बीटी 1468 को रोका. तलाशी लेने पर उसमें शराब की पेटियां मिलीं. पुलिस ने मौके से आकाश पिता लक्ष्मणसिंह अहिरवार उम्र 27 साल निवासी हातोद और राहुल पिता राजू नामदेव उम्र 18 साल निवासी एरोड्रम को गिरफ्तार किया. पुलिस पूछताछ में सामने आया कि शराब परिवहन में अन्य लोग भी शामिल हैं.

इसके बाद पुलिस ने विजय पिता यशवंत वैष्णव उम्र 36 साल निवासी कामायनी नगर राऊ, दीपांशु पिता दीपकराव सोनोने उम्र 26 साल निवासी मुसाखेड़ी और नीतेश पिता मदन प्रजापति उम्र 23 साल निवासी छावनी को गिरफ्तार किया. इनके पास से शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही हुंडई एक्सेंट कार भी जब्त की गई. आरोपियों के कब्जे से 927 पेटी अवैध शराब (करीब 11,124 लीटर) जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 55 लाख रुपए है. इसके अलावा शराब परिवहन में उपयोगी अशोक लेलैंड ट्रक और हुंडई एक्सेंट कार भी जब्त की गई. कुल जब्ती करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपए की है.

## एक आरोपी पर पहले से भी दर्ज हैं मामले

डीसीपी जोन 2 अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि जांच में पुलिस को पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी विजय वैष्णव के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी सहित अन्य मामले दर्ज हैं. पुलिस अब शराब की खेप के स्रोत और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है.

## एक नजर में

### नपा ने लगाए 10 हजार पौधे



**पीथमपुर.** नगर पालिका परिषद पीथमपुर द्वारा अध्यक्षा श्रीमती सेवंती सुरेश पटेल एवं सीएमओ श्रीमती आरती गरवाल के नेतृत्व में अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें करीब 10 हजार पौधे लगाए गए. उक्त अभियान का आयोजन संजय जलाशय रोड के सामने, एबी रोड के किनारे आयोजित किया गया. कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, स्कूली बच्चों, नगर के नागरिकों द्वारा पूरे उत्साह के साथ भाग लिया गया. अमृत हरित अभियान अंतर्गत नगर पालिका लगातार पौधारोपण कर रही है, साथ ही उसके संरक्षण का यथासंभव प्रयास भी कर रही है. इस अभियान में लगाए गए पौधों का संरक्षण नगर पालिका, स्व सहायता समूह एवं अन्य हितधारकों के माध्यम से करेगी. इस अवसर पर सीएमओ ने उपस्थित छात्र-छात्राओं और नागरिकों को राष्ट्रीय विद्यार्थी पर्यावरण प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए सभी को उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, पार्षद अशोक पटेल, पार्षद श्रीमती मनीषा लालू शर्मा, पार्षद श्रीमती लीला महेश पथरिया, चिल्ड्रंस केयर स्कूल के बच्चे, पीथमपुर पब्लिक स्कूल के बच्चे, स्व सहायता समूह की बहनों के साथ ही नपा के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे.

### प्रेमलता चांदा के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**इंदौर.** मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व. ओमप्रकाश चांदा की बहन एवं समाजसेवी स्व. बद्रीलाल पटेल अकबरपुर की काकी और चेतन चांदा, आनंद चांदा की बुआजी प्रेमलता चांदा का मानपुर में निधन हो गया. वे जीवन पर्यन्त धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों से जुड़ी रही. उनकी अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक गणपत पटेल, पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार, सुभाष ताजी, मणिशंकर पटेल, भाजपा नेता भगवानसिंह मीणा, दिनेश कामदार, सुभाष महोदय, जुगनू सिंह धनावत, भरत जोनवाल, अनुराग जोनवाल, मीणा समाज जिलाध्यक्ष सुभाष मीणा, पत्रकार अजय बारवाल, इस्माईल सैफी, रोहित मंडलोई सहित अनेक लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

### विकलांग कोच में सफर को लेकर हुआ विवाद, यात्री से की मारपीट

**इंदौर.** ट्रेन के विकलांग कोच में सफर को लेकर हुए विवाद में एक यात्री से मारपीट की गई. वहीं, रेलवे स्टेशन पर सो रहे एक यात्री का मोबाइल चोरी हो गया. जीआरपी ने दोनों यात्रियों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. चंद्रावतीगंज निवासी अशोक डेमो पैसेंजर ट्रेन से इंदौर आ रहे थे. यात्रा के दौरान बालोदा टाकून रेलवे स्टेशन के पास हिम्मत सिंह और प्रेम सिंह विकलांग कोच में पहुंच गए. अशोक ने उन्हें विकलांग कोच होने की बात कहते हुए दूसरे कोच में जाने के लिए कहा, जिस पर दोनों ने उनके साथ विवाद शुरू कर दिया. आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने अशोक के साथ मारपीट की. ट्रेन के इंदौर पहुंचने पर दोनों युवक उतरकर चले गए. अशोक की शिकायत पर जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. वहीं, दूसरे मामले में कृष्ण कुमार परते इंदौर से नैनपुर जाने के लिए रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 व 6 के ब्रिज के नीचे बैठे थे. इसी दौरान उन्हें नींद लग गई. कुछ देर बाद उठने पर उनकी पैंट की जेब में रखा एमआई कंपनी का मोबाइल गायब मिला. उन्होंने अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. इसके अलावा ट्रेन में मोबाइल चोरी का एक मामला आमला जीआरपी को भेजा है. छिंदवाड़ा निवासी प्रियांशु पंचवेली एक्सप्रेस से इंदौर आ रहे थे. यात्रा के दौरान उन्होंने मोबाइल चार्जिंग पर लगाकर सो गए थे. बैतूल रेलवे स्टेशन पर नींद खुलने पर मोबाइल गायब मिला. घटना स्थल आमला जीआरपी क्षेत्र का होने से इंदौर जीआरपी ने डायरी संबंधित थाने भेज दी है.

# रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरों का आतंक, एक माह में 40 से ज्यादा वारदातें

## पुलिस अभी तक एक भी वारदात का खुलासा नहीं कर सकी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं. पिछले एक माह में यात्रियों के 40 से ज्यादा मोबाइल चोरी हो चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है. ताजा मामले में पिता को ट्रेन में बैठाने आए युवक का मोबाइल प्लेटफॉर्म नंबर पांच से चोरी हो गया.**

हरिओम निवासी इंदौर अपने पिता को गुना जाने वाली ट्रेन में बैठाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचा था. ट्रेन आने का इंतजार करते समय वह प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर खड़ा था. इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोर उसका मोबाइल चुरा ले गया. मोबाइल गायब मिलने पर उसने जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. जीआरपी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ ही संदिग्धों की तलाश कर रही है.

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में मोबाइल चोरी की शिकायतें लगातार मिल रही हैं. यात्रियों का आरोप है कि वारदातों के बाद भी चोरों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है. जीआरपी अब पुराने मामलों में शामिल आरोपियों और स्टेशन पर सक्रिय चोर गिरोहों की जानकारी जुटा रही है.

# सांवेर रोड की पुस्टा फैक्ट्री में भीषण आग, रातभर चला रेस्क्यू

- 10 घंटे में 1.14 लाख लीटर पानी से पाया काबू
- घटना के समय फैक्ट्री में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. सांवेर रोड के सी सेक्टर स्थित पुस्टा निर्माण एवं पैकिंग की फैक्ट्री में शनिवार तड़के भीषण आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि उस पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों को पूरी रात मशक्कत करनी पड़ी. करीब 10 घंटे चले राहत एवं बचाव कार्य के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका.

आग रात करीब दो बजे लगी, कुछ ही देर में लपटों ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया. आग की ऊंची लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया. सूचना मिलते ही लक्ष्मीबाई नगर और सांवेर रोड फायर स्टेशन से चार दमकल वाहन मौके पर पहुंचे. आग की तीव्रता को देखते हुए दमकलकर्मियों को फैक्ट्री के भीतर पहुंचने में काफी परेशानी हुई. रास्ता बनाने के लिए जेसीबी मशीन की मदद से टीन शेड और दीवार तोड़नी पड़ी. घटना के समय फैक्ट्री में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई. हालांकि फैक्ट्री में हुए नुकसान का अभी आकलन नहीं हो सका है.




## आग लगने के कारणों की जांच की जा रही

फायर अधिकारी बलजीत सिंह हुड्डा ने बताया कि आग पर नियंत्रण पाने के लिए करीब 10 कर्मचारियों ने रातभर अभियान चलाया. आग बुझाने में लगभग 1 लाख 14 हजार लीटर पानी का उपयोग किया. फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है.

# चेकिंग के दौरान पिस्टल के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

- भतीजी को भगाकर ले जाने वाले से बदला लेने के लिए खरीदी थी पिस्टल
- आरोपी के पास से देशी पिस्टल के साथ कारतूस भी जब्त





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ पकड़ा है. पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने एक व्यक्ति से बदला लेने के लिए पिस्टल खरीदी थी. पुलिस अब हथियार के स्त्रोत और आरोपी की योजना को लेकर जांच कर रही है.**

शनिवार की रात नूरानी नगर कब्रिस्तान के पीछे खाली मैदान में हॉटस्पॉट और शेडो एरिया चेकिंग की जा रही थी. इसी दौरान अंधेरे में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा. पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ईश्वर उर्फ नाना जाट उम्र 47 साल निवासी अकोदिया मंडी, जिला शाजापुर बताया. तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस मिला. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर हथियार जब्त कर लिया है.

चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति द्वारा उसकी भतीजी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले को लेकर वह बदला लेना चाहता था और इसी उद्देश्य से उसने पिस्टल खरीदी थी. पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि वह किससे हथियार लेकर आया था और वारदात की उसकी क्या योजना थी.

# कारोबारी की संदिग्ध मौत मामले में भोपाल की महिला की तलाश में जुटी पुलिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. प्रॉपर्टी कारोबारी जीतू उर्फ जितेंद्र साहू की होटल श्याम पैलेस से गिरकर हुई संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस अब तक भोपाल की महिला शाहिदा तक नहीं पहुंच सकी है. घटना के समय महिला होटल के कमरे में मौजूद थी, लेकिन मौत के बाद से वह गायब है, पुलिस उसकी तलाश करने की बात कह रही है.**

दरअसल, 14 और 15 जुलाई की रात अरबिंदो अस्पताल के समीप स्थित होटल श्याम पैलेस के दूसरे माले से गिरने से प्रॉपर्टी कारोबारी जीतू साहू की मौत हो गई थी. बाणगंगा पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ऊंचाई से गिरने के कारण आई चोटों से मौत होना सामने आया है. हालांकि, घटनाक्रम संदिग्ध होने से पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है. बताया जा रहा है कि घटना के समय होटल में जीतू के साथ भोपाल निवासी शाहिदा सहित अन्य लोग मौजूद थे. पुलिस अब तक शाहिदा को तलाश नहीं कर पाई है, ताकि उससे पूछताछ की जा सके.

## परिजनों का आरोप... जीतू को ब्लैकमेल किया जा रहा था

घटना के बाद मृतक कारोबारी के परिजनों और अन्य लोगों ने आशंका जताई थी कि कारोबारी को ब्लैकमेल किया जा रहा था. वहीं घटना के तरीके को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि जीतू जिस तरह होटल से नीचे गिरा, उसे लेकर पुलिस अन्य संभावनाओं की भी जांच कर रही है. जांच में जुटी पुलिस के लिए अब शाहिदा से पूछताछ अहम मानी जा रही है, क्योंकि घटना की रात कमरे में क्या हुआ था, इसकी जानकारी उसी से मिल सकती है. एसीपी, रूबिना मिजवानी का इस संबंध में कहना है कि मामले की जांच जारी है, भोपाल निवासी महिला की तलाश की जा रही है, जल्द ही उससे पूछताछ की जाएगी.

**एक नजर में** — एनसीसी कैडेट्स ने संभाला शहर के प्रमुख चौराहों का ट्रैफिक

# वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का दिया संदेश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से शनिवार को एयर विंग एनसीसी कैडेट्स ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर प्रमुख चौराहों पर यातायात संचालन में सहयोग किया. इस दौरान कैडेट्स ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया.**

यातायात पुलिस के विशेष अभियान के तहत 1 एमपी एयर विंग एनसीसी के कैडेट्स को पहले यातायात संचालन का प्रशिक्षण दिया. पुलिस अधिकारियों ने उन्हें यातायात संकेतों, हाथों के इशारों से ट्रैफिक नियंत्रित करने, चौराहों पर सावधानी बरतने और आपात स्थिति में कार्रवाई की जानकारी दी. प्रशिक्षण के बाद शाम 4 बजे से 7 बजे तक कैडेट्स ने यातायात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ शहर के प्रमुख व व्यस्त चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभाली.

इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों को रेड लाइट का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया. इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त (क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात विक्रम सिंह रघुवंशी ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया.



## कैडेट्स का अनुशासन समाज के लिए प्रेरणादायक

डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स का अनुशासन और सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणादायक है. उन्होंने कैडेट्स से सड़क सुरक्षा के संदेश को अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाने की अपील की. यातायात पुलिस के अनुसार भविष्य में भी एनसीसी इकाइयों, शैक्षणिक संस्थानों और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.